an>

Title: Regarding construction of building for Kendriya Vidyalaya in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) में उच्च माध्यमिक स्तर का केन्द्रीय विद्यालय वर्षों से चल रहा है । विद्यालय के निजी भवन हेतु प्रशासन द्वारा भूमि कई वर्षों (दो वर्ष) से आबंटित की जा चुकी है । भवन निर्माण की प्रक्रिया में विलंब होने से शैक्षिक व्यवस्था भी उचित ढंग से नहीं हो रही है । मुख्यालय के राजकीय विद्यालय के भवन के एक भाग में विद्यालय के संचालित होने से दोनों ही विद्यालयों के छात्र प्रभावित हो रहे हैं । मेरा अनुरोध है कि अतिशीघ्र केन्द्रीय विद्यालय के निजी भवन के निर्माण की प्रक्रिय पूर्ण की जाए । दौसा संसदीय क्षेत्र में आठ विधान सभा हैं । यह क्षेत्र जनजाति के लिए आरक्षित है । इसमें एक और विद्यालय लालसोट में स्थापित किया जाना भी प्रस्तावित है ताकि जनजाति के छात्र/छात्राओं का उचित शिक्षा की व्यवस्था का लाभ मिल सके । इस अति महत्वपूर्ण विषय को संज्ञान में लेकर आश्वस्त करेंगे ऐसा विश्वास दिया जाये ।